an>

Title: Need to issue directions for inclusion of Wide Belt area from Km 17 to Km 20 under Agra-Allahabad road in Bundelkhand, Uttar Pradesh.

साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर) : देश में क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने के लिए जनता की मांग के अनुसार उत्तर प्रदेश के आगरा से इलाहाबाद 17 से 20 किलोमीटर तक चौड़ी खड़ी पट्टी के निवासियों को बुन्देलखण्ड के सीलिंग एक्ट में शामिल तो किया गया है परंतु बुन्देलखण्ड जैसी सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। क्षेत्र के निवासियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा बैठकर कर नियमानुसार इस पर विचार कर लिया गया है जिसे तत्काल क्रियान्वित करने की आवश्यकता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए आगरा से इलाहाबाद तक 17 से 20 किलोमीटर चौड़ी पट्टी के क्षेत्र को बुन्देलखण्ड में जोड़ने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।